भाकृअनुप-अटारी, कोलकाता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजित

21 जून, 2024, कोलकाता

भाकृअनुप-कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (अटारी), कोलकाता के परिसर में आज योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस योग अभ्यास कार्यक्रम में संस्थान के में संस्थान के सभी वैज्ञानिकों/ अधिकारियों एवं परियोजना कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा योग प्रशिक्षक द्वारा प्रदर्शित योग के विभिन्न आसनों को सहजता से किया।

संस्थान के निदेशक डॉ. प्रदीप डे ने योग अभ्यास कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामना दिया तथा सभी प्रतिभागियों से योग को अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से अपनाने की सलाह दिया। इस योगाभ्यास कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य संस्थान के सदस्यों को योग के महत्व तथा इसके मानसिक तथा शारीरिक लाभ के बारे में जागरूक करना था।